सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती

[स्रोत: द हिंदू](#)

हाल ही में भारत के राष्ट्रपति ने [सरदार वल्लभभाई पटेल](#) की **149वीं जयंती** के उपलक्ष्य पर भारत के प्रथम उप-प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के रूप में उनकी अविस्मरणीय भूमिका के सम्मान में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की, जिसे [राष्ट्रीय एकता दिवस](#) **(31 अक्तूबर)** के रूप में मनाया जाता है।

राष्ट्रीय एकता दिवस क्या है?

- **परिचय:**
  - राष्ट्रीय एकता दिवस पटेल के मूल्यों- **एकता, अखंडता और समावेशिता** का स्मरणोत्सव है।
    - संस्कृतियों, भाषाओं और धर्मों में व्यापक विविधता वाले देश में यह दिवस **भारत के लोगों** के बीच एकजुटता की भावना को बढ़ावा देने के महत्त्व पर ज़ोर देता है।
  - यह दिवस नागरिकों को एकजुट होकर चुनौतियों का समाधान करने, विविधता का उत्सव मनाने और राष्ट्र के भीतर **सद्भाव** को बढ़ावा देने के लिये चिंतन करने के लिये प्रोत्साहित करता है।
- **स्टैच्यू ऑफ यूनिटी:**
  - 31 अक्तूबर 2018 को सरदार वल्लभभाई पटेल के सम्मान में विश्व की सबसे ऊँची प्रतिमा [स्टैच्यू ऑफ यूनिटी](#) का उद्घाटन **गुजरात के केवडिया** में किया गया, जिसकी ऊँचाई 182 मीटर (600 फीट) है।
    - [नर्मदा नदी](#) और **सरदार सरोवर बाँध** (कंक्रीट की मात्रा की दृष्टि से विश्व का दूसरा सबसे बड़ा भाराश्रित बाँध) के सामने, यह प्रतिमा **साधु बेट द्वीप** पर स्थित है।
  - वर्ष 2020 में भारत की स्टैच्यू ऑफ यूनिटी को [शंघाई सहयोग संगठन (SCO)](#) के **आठ अजूबों की सूची** में शामिल किया गया था।

//

सरदार वल्लभभाई पटेल कौन थे?

- **जन्म:** उनका जन्म **31 अक्तूबर 1875 को नाडियाड, गुजरात** में हुआ।
  - उनका परिवार लेवा पाटीदार समुदाय से था।
- **कॅरियर: इंग्लैंड में विधि अध्ययन कर, रोमन विधि** में पुरस्कार अर्जित किया और वर्ष 1913 में बैरिस्टर के रूप में भारत लौट आए।
- **उपाधि और विरासत:** अपने दृढ़ संकल्प और दृढ़ दृष्टिकोण के कारण उन्हें **"भारत के लौह पुरुष"** के नाम से जाना जाता है। उन्हें **राष्ट्रीय एकता** और **समुत्थानशीलता का प्रतीक** माना जाता है।
- **राजनीतिक उत्थान:**
  - **राष्ट्रीय आंदोलन में सहभागिता:** पटेल महात्मा गांधी से प्रेरित होकर स्वतंत्रता संग्राम में शामिल हुए।
  - **खेड़ा सत्याग्रह (1918): उन्होंने सूखे के कारण खराब फसल** से प्रभावित किसानों के लिये कर छूट की मांग करते हुए खेड़ा सत्याग्रह में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
  - **बारदोली सत्याग्रह (1928):** बारदोली सत्याग्रह के दौरान अनुचित कर वृद्धि के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन किया, जिसके कारण उन्हें इस नेतृत्व के लिये "सरदार" की उपाधि प्रदान की गई।
- **भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में भूमिका:**
  - **असहयोग और सविनय अवज्ञा: गांधीजी के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर वर्ष 1930 में नमक सत्याग्रह जैसे आंदोलनों का नेतृत्व किया और इसमें शामिल होने के कारण उन्हें अनेक बार कारावास का दंड दिया गया।**
  - **कॉन्ग्रेस की अध्यक्षता: वर्ष 1931 में कॉन्ग्रेस के 46वें अधिवेशन की** अध्यक्षता की, जिसमें **गांधी-इरविन समझौते** पर चर्चा हुई।
  - **भारत छोड़ो आंदोलन (1942):** भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इस प्रमुख चरण के दौरान पटेल को गिरफ्तार कर कारावास का दंड दिया गया।
- **स्वतंत्रता पश्चात् योगदान:**
  - **रियासतों का एकीकरण: 562 रियासतों को भारतीय संघ में** एकीकृत करने में अग्रणी भूमिका निभाई, जिससे लाखों लोगों के लिये स्थिरता और लोकतंत्र सुनिश्चित हुआ।
    - भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947 ने रियासतों को स्वतंत्रता की घोषणा करने की अनुमति दी।
  - **भारत की सिविल सेवाओं का सुदृढ़ीकरण:** पटेल ने आधुनिक **अखिल भारतीय सेवाओं की स्थापना करने** और देश के प्रशासनिक ढाँचे को सुदृढ़ करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
    - नौकरशाही प्रणाली को सुदृढ़ बनाने में उनके योगदान के लिये उन्हें **"भारत के सिविल सेवकों के संरक्षक संत"** की संज्ञा दी जाती है।
    - राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस **(21 अप्रैल)** सरदार पटेल के 1947 के भाषण का सम्मान करता है, जिसमें उन्होंने **सिविल सेवकों** को **"भारत का इस्पाती ढाँचा"** कहा था तथा लोकसेवा के प्रति उनके समर्पण को सुदृढ़ किया था।
  - **अध्यक्षता और समिति कार्य:** संविधान सभा में **मौलिक अधिकार, अल्पसंख्यक** तथा **जनजातीय एवं अपवर्जित क्षेत्रों** पर सलाहकार समिति की अध्यक्षता की।

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

??????????

प्रश्न. खेड़ा के कसिानों के पक्ष में महात्मा गांधी के सत्याग्रह संघटति करने का क्या कारण था ? (2011)

1. अकाल पड़ने के बाबजूद प्रशासन ने भू-राजस्व की उगाही स्थगति नहीं की थी।
2. प्रशासन का यह प्रस्ताव था कि गुजरात में स्थाई बंदोबस्त लागू कर दिया जाए।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 व 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

उत्तर: (a)

प्रश्न. 1931 में भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस के कराची अधिवेशन के लिये, सरदार पटेल की अध्यक्षता में, जिन्होंने मौलिक अधिकार और आर्थिक कार्यक्रम पर संकल्प का मसौदा तैयार किया? (2010)

(a) महात्मा गांधी
(b) पंडित जवाहरलाल नेहरू
(c) डॉ. राजेंद्र प्रसाद
(d) डॉ. बी. आर. अंबेडकर

उत्तर: (b)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/birth-anniversary-of-sardar-vallabhbhai-patel